हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
21 मार्च 2026, बरेली

PAGE NO. 10: MIDDLE

एसआरएमएस सीईटी बना चैंपियन

खेल महोत्सव

एसआरएमएस में खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 में एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ। सीईटी ने 14 गोल्ड, 8 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल के साथ आमोद की ट्राफी अपने नाम की। विजेता खिलाड़ियों को एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।

कॉलेज के फुटबॉल ग्राउंड में गुरुवार को चैंपियनशिप का उद्घाटन गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने किया था। सीईटी, सीईटीआर, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, फुटबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कैरम, कबड्डी के साथ एथलेटिक्स की 17 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया।

स्पर्धाओं में 14 गोल्ड, 8 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल सहित कुल 25 मेडल हासिल करने पर सीईटी को चैंपियन घोषित किया गया। आईएमएस ने 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल हासिल किए।